राजस्थान सरकार

कार्यालय जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर), बालोतरा

Email id:- dm.blt.rj@rajasthan.gov.in Contact no. 02988-294610
Address : Collectrate office Balotra, Kher Road, Balotra. (344022)

क्रमांक– प.31( )( )स्थापन/निर्वाचन/2026/1353

–: आदेश :–

राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान द्वारा पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव–2026 कार्यक्रम की घोषणा के तहत बालोतरा जिले में पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव तृतीय एवं चतुर्थ चरण में सम्पन्न होगें।

अतः मैं सुशील कुमार, जिला निर्वाचन अधिकारी (जिला कलक्टर) बालोतरा, जिले में पंचायतीराज चुनाव 2026 हेतु तृतीय चरण दिनांक 03.11.2026 (मंगलवार), 5.11.2026 (गुरूवार) तथा चतुर्थ चरण दिनांक 14.11.2026 (शनिवार), 16.11.2026 (सोमवार) को होने वाले मतदान दिवस को जिले से संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में स्थित समस्त कार्यालयों/संस्थानों/उपक्रमों में पराक्रम लिखित अधिनियम (एनआई एक्ट), 1881 के तहत निम्नानुसार सार्वजनिक अवकाश एवं लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135बी के अनुसार, जिले में स्थित निजी व सार्वजनिक प्रतिष्ठानों, दुकानों, औद्योगिक उपक्रम या कारोबार/व्यवसाय या अन्य किसी स्थापन में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति/कार्यरत कामगारों, (जिनमें आकस्मिक और दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी शामिल है), जो संबंधित निर्वाचन क्षेत्र के मतदाता सूची में पंजीकृत मतदाता हो, को मतदान दिवस के अवसर पर संवैतनिक अवकाश घोषित करता हूं। उक्त अवकाश आदेश संबंधित पंचायतीराज निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान दिवस तथा पुनर्मतदान की स्थिति में पुनर्मतदान दिवस पर लागू होगा।

क्र.स.	मतदान चरण	पंचायत समिति का नाम	पंचायतीराज चुनाव का विवरण	सार्वजनिक अवकाश की तिथि
1	तृतीय चरण	गिडा, कल्याणपुर, समदडी, सिणधरी, धोरीमन्ना, गुडामालानी	जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्यों के चुनाव	03.11.2026 (मंगलवार)
			पंच/सरपंच पद हेतु चुनाव	5.11.2026 (गुरूवार)
2	चतुर्थ चरण	पाटोदी, बालोतरा, सिवाना, पायला कला, पादरू	जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्यों के चुनाव	14.11.2026 (शनिवार)
			पंच/सरपंच पद हेतु चुनाव	16.11.2026 (सोमवार)

अतः जिले में ऐसे कार्मिक जो संबंधित निर्वाचन क्षेत्र के मतदाता के रूप में पंजीकृत है, एवं बालोतरा जिले में कार्यरत है, ऐसे कार्मिकों को मतदान हेतु आवेदन करने पर मतदान दिवस के अवसर पर संवैतनिक अवकाश देय होगा।

(सुशील कुमार)
जिला निर्वाचन अधिकारी
(जिला कलक्टर), बालोतरा

क्रमांक– प.31( )( )स्थापन/निर्वाचन/2026/1354

प्रतिलिपि– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ–

01. श्रीमान मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं सचिव महोदय, राज्य निर्वाचन आयोग राज. जयपुर।
02. संयुक्त शासन सचिव, सामान्य प्रशासन(ग्रुप–2) विभाग राज. जयपुर।
03. संभागीय आयुक्त महोदय, जोधपुर।
04. समस्त जिला कलक्टर।
05. जिला एवं सेशन न्यायाधीश, बालोतरा।
06. जिला पुलिस अधीक्षक बालोतरा।
07. प्रभारी अधिकारी समस्त अनुभाग कलेक्ट्रेट बालोतरा।
08. उपखण्ड अधिकारी/ तहसीलदार समस्त जिला बालोतरा।
09. समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण जिला बालोतरा।
10. श्रम आयुक्त, श्रम विभाग बालोतरा।
11. अधिशापी अधिकारी नगर पालिका समस्त जिला बालोतरा।
12. जिला सूचना एवं सनसमर्क अधिकारी बालोतरा को व्यापक प्रचार–प्रसार करने हेतु।
13. निजी सहायक जिला कलक्टर/अतिरिक्त जिला कलक्टर बालोतरा।
14. निर्वाचन शाखा।

Signature Not Verified
Digitally Signed by SUSHIL KUMAR
Designation : Collector and District Magistrate
Date: 29-10-2026 08:51:58

जिला निर्वाचन अधिकारी
(जिला कलक्टर), बालोतरा

RajKaj Ref No.: 25258615